EDII

Rajasthan Patrika (Jaipur Ed.)

February 14, 2022
Page No. 17

शी न्यूज़ SHE NEWS

फैशन व टेलरिंग से जुड़ी महिला उद्यमियों के लिए बैच आज से

कॉमविजन की सीएमडी हरजिंदर कौर तलवार होंगी मुख्य अतिथि

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका | Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल बिजनेस बूस्टर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच की शुरुआत 14 फरवरी से होगी। ऑनलाइन उद्‌घाटन सत्र में कॉमविजन की सीएमडी और सीईओ हरजिंदर कौर तलवार होंगी। हरजिंदर कौर, इंटरनेशनल वीमंस एंटरप्रेन्योरियल चैलेंज फाउंडेशन और भारत सरकार की एमएसएमई नेशनल बोर्ड की भी सदस्य हैं। वह फिक्की फ्लो 2019-2020 की नेशनल प्रेसीडेंट भी रह चुकी हैं।

ईडीआइआइ के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने बताया कि दूसरे बैच में फैशन और टेलरिंग से जुड़ी महिला उद्यमियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इनकी भी ट्रेनिंग ब्यूटी और वेलनेस से जुड़ी महिला उद्यमियों की तरह छह सप्ताह में पूरी होगी। बैच का संचालन अपराह्न 3-4 बजे के बीच होगा। प्रोग्राम के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि महिला उद्यमियों को फैशन और टेलरिंग के क्षेत्र में हुए बदलाव के साथ छोटे-छोटे संस्थानों के साथ काम करना या फिर बड़ी कंपनियों का काम घर से ही करने के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही महिलाएं उत्पादन बढ़ाकर कैसे अपना ब्रांड स्थापित कर सकती हैं एवं अपने शहरों में रिटेल चेन के साथ कैसे काम कर सकती हैं, आदि प्रशिक्षण दिया जाएगा।